दूरवाणी/Phones : 0821-2345006
निदेशक / Director : 0821-2515820
फ़ैक्स (सामान्य) / Fax: 0821-2515032

वेब साइट /Website : http://www.ciil.org
ई-मेल / Email : ada-ciilmys@gov.in

सत्यमेव जयते
भारत सरकार/Government of India
मानव संसाधन विकास मंत्रालय/ Ministry of Human Resource Development
उच्चतर शिक्षा विभाग / Department of Higher Education
**भारतीय भाषा संस्थान /Central Institute of Indian Languages**
मानसगंगोत्री, हुणसूर रोड, मैसूर –570006 / Manasagangotri, Hunsur Road, MYSURU- 570006

F.No.5-91/ एनटीएस/प्रकाशन-एनवीएस/2025-26 दिनांक : 10.11.2025

## सूचना
## निविदा आमंत्रण

**विषय: एन.वी.एस. क्षेत्रीय भाषा हैंडबुक्स के बहुरंगी मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण।**

प्रतिष्ठित एवं अनुभवी मुद्रक/प्रकाशकों से, जिनके पास वैध (जी.एस.टी. पंजीकरण एवं PAN) है, से निम्नलिखित विनिर्देशों एवं संख्याओं के अनुसार पुस्तकों के बहुरंगी मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएँ (Sealed Quotations) आमंत्रित की जाती हैं।

यह कार्य राष्ट्रीय परीक्षण सेवा–भारत (एन.टी.एस.–आई), केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु द्वारा तैयार की गई नवोदय विद्यालय समिति (एन.वी.एस.) की 14 क्षेत्रीय भाषाओं की हैंडबुक्स के मुद्रण से संबंधित है।

### कार्य का परिमाण (Scope of Work)

1. प्रत्येक पुस्तक की 20 प्रतियाँ
2. मुद्रण कार्य बहुरंगी (कवर एवं पाठ दोनों) में किया जाएगा, जैसा कि सी.आई.आई.एल. द्वारा उपलब्धि कराई गई अनुमोदित सॉफ्ट कॉपी में होगा।
3. **बाइंडिंग:** परफेक्ट बाइंडिंग के साथ कवर पृष्ठ पर लेमिनेशन अनिवार्य होगा।
4. **प्रूफिंग:** प्रत्येक भाषा के एक नमूना पुस्तणक का मुद्रित प्रूफ अनुमोदन हेतु अंतिम मुद्रण से पूर्व प्रस्तु त करना होगा।
5. **आपूर्ति: कार्यादेश (Work Order) जारी होने की दिनांक से 15 दिवस** के भीतर मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति **दिल्ली/एनसीआर** में की जानी होगी।
6. सभी आर्टवर्क और डिजिटल फाइलें केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान की संपत्ति रहेंगी एवं उनका अनधिकृत प्रयोग या पुनरुत्पादन निषिद्ध होगा।

### पात्रता मानदंड (Eligibility Criteria)

1. निविदा दाता के पास कम से कम 5 वर्ष का अनुभव समान प्रकृति के **बहुरंगी ऑफसेट मुद्रण** (पुस्तिकें/शैक्षिक) प्रकाशन आदि का होना चाहिए।
2. निविदा दाता के पास **वैध जी.एस.टी. पंजीकरण एवं पैन नंबर** होना चाहिए।
3. निविदा दाता किसी भी सरकारी विभाग या लोक उपक्रम द्वारा काली सूची (Blacklist) में नहीं होना चाहिए।

4. संबंधित समर्थन दस्तावेज (जैसे कार्यादेश, प्रमाण पत्र आदि) संलग्न करना अनिवार्य है।

**नियम एवं शर्तें (Terms and Conditions)**

1. निविदा को सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाए जिस पर स्पष्ट रूप से लिखा हो:
   **"एन.वी.एस. हैंडबुक्स के बहुरंगी मुद्रण हेतु निविदा"**
   तथा इसे संबोधित किया जाए:
   **निदेशक,**
   **केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान,**
   **मानसगंगोत्री, मैसूरु – 570006**
2. निविदाएँ संस्थान में **18 नवम्बर 2025, सायं 5:00 बजे** तक पहुँचना अनिवार्य है।
3. **दरें सभी करों, परिवहन एवं वितरण शुल्क सहित** भारतीय रुपये (INR) में अंकित की जाएँ।
4. भुगतान पुस्तकों की संतोषजनक आपूर्ति एवं पूर्व-रसीदित बिल (Pre-receipted Bill) की दो प्रतियों के साथ जमा होने पर किया जाएगा।
5. संस्थान को बिना कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
6. कार्य में विलंब होने पर **GFR-2017 के नियम 204 के अनुसार 0.5%** प्रति सप्ताह (अधिकतम 10%) की **विलंब दंड (Liquidated Damages)** लागू की जा सकती है।
7. सी.आई.आई.एल. के **सक्षम प्राधिकारी** का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**निविदा का मूल्यांकन (Evaluation of Quotations)**

- तकनीकी रूप से पात्र निविदा दाताओं में से **न्यूनतम दर (L1)** वाले निविदा दाता का चयन किया जाएगा।
- समिति आवश्यक होने पर निविदा दाताओं से स्पष्टीकरण अथवा नमूना प्रति की माँग कर सकती है।

**भुगतान की शर्तें (Payment Terms)**

- मुद्रित सामग्री की आपूर्ति, निरीक्षण एवं अनुमोदन के उपरांत, एन.टी.एस.–आई के प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रमाणन के पश्चात भुगतान पी.एफ.एम.एस. (PFMS) प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

**संपर्क विवरण (Contact Details)**

किसी भी स्पष्टीकरण हेतु संपर्क करें:
प्रभारी अधिकारी, एन.टी.एस.–भारत
केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु
**Email:** pankajd.ciil@gov.in | headnts@gmail.com |
**दूरभाष:** 0821-2345112/5113

पंकज द्विवेदी

**(पंकज द्विवेदी)**
**सहायक निदेशक (प्रशा.)**

# Details of NVS books for printing

| Sl. No. | Title of the Book | Language | Book Size | Cover page (Colour) | No. of Pages (Including cover page) | Required Paper Quality | Multicolour / Black & White | No. of Copies |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Navodaya Bangla Bharati – Cultural Components | Bengali | A4 Size | 300 GSM | 259 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 2. | Navodaya Bodo Bharati – Cultural Components | Bodo | A4 Size | 300 GSM | 257 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 3. | Navodaya Garo Bharati – Cultural Components | Garo | A4 Size | 300 GSM | 189 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 4. | Navodaya Gujarati Bharati – Cultural Components | Gujarati | A4 Size | 300 GSM | 243 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 5. | Navodaya Kannada Bharati – Cultural Components | Kannada | A4 Size | 300 GSM | 237 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 6. | Navodaya Malayalam Bharati – Cultural Components | Malayalam | A4 Size | 300 GSM | 282 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 7. | Navodaya Manipuri Bharati – Cultural Components | Manipuri | A4 Size | 300 GSM | 267 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 8. | Navodaya Marathi Bharati – Cultural Components | Marathi | A4 Size | 300 GSM | 219 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 9. | Navodaya Nepali Bharati – Cultural Components | Nepali | A4 Size | 300 GSM | 223 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 10. | Navodaya Odia Bharati – Cultural Components | Odia | A4 Size | 300 GSM | 217 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 11. | Navodaya Punjabi Bharati – Cultural Components | Punjabi | A4 Size | 300 GSM | 274 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 12. | Navodaya Tamil Bharati – Cultural Components | Tamil | A4 Size | 300 GSM | 296 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 13. | Navodaya Telugu Bharati – Cultural Components | Telugu | A4 Size | 300 GSM | 197 | 130 GSM | Multicolour | 20 |
| 14. | Navodaya Urdu Bharati – Cultural Components | Urdu | A4 Size | 300 GSM | 299 | 130 GSM | Multicolour | 20 |